p>

Need to fix maximum retail prices of medicines and to verify their genuineness.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक बहुत ही संवेदनशील विषय पर बोलने जा रहा हूँ। कुछ दवाईयाँ मेरे हाथ में आई हैं, जिसमें मैक्सिमम रिटेल प्राइस इंक्लूसिव ऑफ ऑल टैक्सेज लिखा कुछ और है और जब ये बाजार में बिकती हैं तो उसकी एक चौथाई, एक बटे पाँचवें रेट में बिकती हैं। मैं इससे हैरान हूँ। मैं कुछ दवाईयों के नाम ले रहा हूँ और वे किस रेट पर बिकती हैं, यह बता रहा हूँ। यह है Mahacef Plus, Mankind company नई दिल्ली- 110020 इसका एमआरपी लिखा गया है 108 रूपया 90 पैसा, बाजार में 40 रूपए में उपलब्ध है। Diclogal-plus, Galpha Laboratories Limited, Mumbai-400018 इसका एमआरपी 24 रूपए है, मिलती है चार रूपए में। Aldigesic-SP Forte, Shivalik Remedies pvt. Ltd. इस पर 90 रूपया लिखा है, मिलती है 40 रूपए में। Troygesic Red. कम्पनी का नाम बहुत छोटे-छोटे अक्षरों में लिखा है, पढ़ा भी नहीं जाता है और Marketed by Troika Pharmaceuticals Ltd.,Thol-382728 गुजरात, इसका रेट 20 रूपया लिखा है, मिलता है चार रूपए में। Zether इंजेक्शन Zee Laboratories Limited. Behind 47, Industrial Area, Paonta sahib-173025 एमआरपी 99 रूपए है, मिलता है 40 रूपए में। Zincotop, Noel Pharma (India) Pvt.ltd. 90 रूपए इसका एमआरपी है, 30 रूपए में मार्केट में बिक रहा है। E Mal (injection) Themis Medicine limited, Sector 64,Plot No 16,17,&18 11 E, BHEL, Haridwar-249403, Uttrakhand एमआरपी 115 रूपए है, मार्केट में 40 रूपए में बिकता है।

माननीय सभापति: आपका विषय सरकार के ध्यान में आ गया है।

श्री बलभद्र माझी: महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि मेरे पास सैम्पल है, आप कहें तो मैं सैम्पल को जमा कर सकता हूँ। इसमें हैरानी की बात यह है कि जब एक रेट लिखा है और इतने कम दाम में मिल रहा है तो यह क्या चीज है, क्या यह जनेरिक मेडिसिन है या कोई फर्जी मेडिसिन है, जनेरिक मेडिसिन है तो इतने हाई रेट में क्यों बिक रही है, अगर फर्जी मेडिसिन है तो कैसे मार्केट में आ गई, लाइसेंस कैसे मिल गया। फाइनली सरकार को जब टैक्स लेना होता है, किस रेट पर टैक्स ले रहे हैं।

माननीय सभापति : हेल्थ मिनिस्टर इसका संज्ञान लेंगे और समाधान करेंगे।

श्री बलभद्र माझी : महोदय, इन कम्पनियों से टैक्स मिल भी रहा है या नहीं मिल रहा है। इन सारी चीजों की जाँच करने की जरूरत है। आप कहें तो मैं सैम्पल को जमा कर दूँ।

माननीय सभापति : उसकी कोई जरूरत नहीं है। हेल्थ मिनिस्टर इसे देखेंगे।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रामचरण बोहरा, डॉ. मनोज राजोरिया और श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री बलभद्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।